भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1639

जिसका उत्तर 03 अगस्त, 2026 को दिया जाना है

कोयला खदानों के सम्बन्ध में जानकारी

1639. **श्री महेंद्र भट्ट:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वाणिज्यिक कोयला खनन के अंतर्गत अब तक कुल कितनी कोयला खदानों का आवंटन किया गया है; और

(ख) उनमें से कितनी खदानों में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है और उनसे अनुमानित रोजगार सृजन कितना हुआ है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चन्द्र दुबे)

(क) : वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक नीलामी व्यवस्था के तहत नीलामी जून 2020 में शुरू की गई थी और अब तक, 14 दौर पूरे हो चुके हैं। 30 जून 2026 तक, इस व्यवस्था के तहत 132 वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक आवंटित किए गए हैं।

(ख) : वर्तमान में 15 वाणिज्यिक कोयला खानों में कोयला उत्पादन किया जा रहा है और मंत्रालय के पास उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार इन 15 खानों में इस समय 5,161 (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) रोजगार सृजित हुए हैं।

****